Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 04-12-2006

Participants : Singh Shri Mohan

an>

Title: Alleged take over of UNI by ZEE TV

[r3]

श्री मोहन सिंह (देवरिया): अध्यक्ष महोदय, यह बहुत गंभीर मामला है और इस सदन में सरकार का ध्यान आकर्ति करते हुए यह मुद्दा उठाना चाहता हूं। यू.एन.आई. नाम की एक समाचार एजेंसी, जो इस देश के सुदूर ग्रामीण इलाकों में समाचार पहुंचाने का काम करती है, इसे एक कारपोरेट हाऊस ने औने पौने दाम परखरीद लिया। इससे इस देश में ग्रामीण और सुदूर इलाकों में समाचार पहुंचाने का काम बाधित होने लगेगा। यूएनआई के कर्मचारी पिछले तीन महीने से इस अन्याय और डील के विरुद्ध संघा कर रहे हैं और उनके खिलाफ अनुशासन के विरुद्ध कार्रवाई हो रही है। ऐसा लगता है कि समाचार की स्वतंत्रता और समाचार प्रि-ात करने की आजादी पर कुठाराघात किया जा रहा है। भारत सरकार के सूचना एवं पसारण मंत्री इस संबंध में एक वक्तव्य इस सदन के सामने दें और इस पर पहल करें और किसी भी हालत में यूएनआई की बिक्री एक कारपोरेट हाउस के हाथ में न जाने दें। यह एक पुरानी संस्था है जिसकी अरबों की संपत्ति इस देश के बहुत से बड़े शहरों में है, इसे एक निजी क्षेत्र के मालिक औने पौने दामों में खरीदकर समाचार की स्वतंत्रता को प्रभावित करने का काम करेगा इसलिए सरकार को इस डील में हस्तक्षेप करना चाहिए। यूएनआई की खरीदारी की डील को निरस्त कर सरकार अपनी सहायता से यूएनआई प्रेस एजेंसी को चलाने का इंतजाम करे, मैं यह मांग करता हूं।...(व्यवधान)